तेरा मेरा नाता कभी टूटे ना मैया जी

तेरा मेरा नाता कभी टूटे ना मैया जी,
जग सारा रूठ जाए रुठना ना मैया जी........

भगवान की अदालत में पेश जब होउ मैं,
आगे वकील बन के खड़ी रहना मैया जी,
तेरा मेरा नाता कभी टूटे ना मैया जी.....

मेरे गुनाहों की किताब जब खोली जाए,
तेरे हाथों में कमल दवात हो मैया जी,
तेरा मेरा नाता कभी टूटे ना मैया जी.....

मैं तेरी पंतग डोर तेरे हाथों में,
भूल के भी डोर मत छोड़ना मैया जी,
तेरा मेरा नाता कभी टूटे ना मैया जी.....

भव सागर से पार जब होउ मैं,
आगे तुम मल्हार बन के खड़ी रहना मैया जी,
तेरा मेरा नाता कभी टूटे ना मैया जी.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31284/title/tera-mera-nata-kabhi-toote-na-mayia-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |